तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 24 मार्च 2024


13 होलियाना माहौल, शराब दुकानों में उमड़ी भीड़...



14 लोकसभा के लिए मौका मिला हैं पिछले रंजिशो को ...






क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन

सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ

डायलिसिस सेंटर

हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी

डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी



Sanjeevani
Multispeciality Hospital

अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)

सदैव आपके लिए, आपके साथ



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

24/03/2024

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# होली पर नगर में सजीं रंग-गुलाल की दुकानें, जमकर हो रही खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

## होलिका दहन आज, रास नृत्य करते गांव की टीमें शहरों में पहुंची





नगर में होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह बढ़ने लगी। होली की खरीददारी करने आज लगेगी बाजार में भीड़। चंद्रग्रहण के साये में मनेगी होली का पर्व। शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों ने मनाया शनिवार को संस्था में होली। दुकाने सजनी लगी हैं। एक से एक रेट में पिचकारी, रंगगुलाल दुकानों मे दिखाई देने लगी है। पर्व को लेकर रास नृत्य करते गांव -गांव से टीमे शहरों को आने लगी है, जिसके चलते होली पर्व का शबाब पूरे उफान पर है। 24 मार्च को पर्व को लेकर होलिका दहन किया जावेगा जिसको लेकर नगर के युवा समिति विभिन्न चौक चौराहो पर होलिका दहन करेंगे। वहीं पर नगर मे 25 मार्च को रंगो का पर्व होली धूमधाम एवं उत्साह से मनाया जावेगा। पर्व को लेकर आज नगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठाने गुलजार होंगे। लोग घर परिवार के लिए पिचकारी से लेकर रंग गुलाल एवं मिठाई की खरीदी करेंगे। ज्योतिशों के अनुसार चंद्रग्रहण 25 मार्च को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होगा जो दोपहर 3 बजकर 02 मिनट तक रहेगा। हालांकि, भारत में यह चंद्र ग्रहण दिखाई नहीं देगा। जिसको लेकर पर्व पर कोई खास असर नहीं होगा। लेकिन राशि नक्षत्रों में नियमानुसार इनके प्रभाव पड़ेगा। जातक शांत चित्त से इस पर्व को मनावे। भगवान शंकर एवं विष्णु के आराधना के चलते ग्रहण का कोई खास असर नहीं होगा।

### शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों ने खेली होली

पर्व को लेकर रविवार छुट्टी एवं सोमवार को शासकीय अवकास होने के कारण शनिवार को स्कूलों, कॉलेजों में छात्र–छात्राओं के द्वारा जमकर रंगगुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया एवं होली की बधाई दी। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मदिर एवं कृषि महाविद्यालय के बच्चे शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता के तहत प्रलोभन दहन कार्यक्रम आज

**गरियाबंद।** जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध मतदाता जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां संपादित की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को होलिका दहन के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में शाम 4 बजे से प्रलोभन दहन का कार्यक्रम किया गया है।

### अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के संतराम सिदार पिता कार्तिकराम (45) वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर निवासी ने अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### फांसी लगाने से महिला की मौत

**महासमुंद।** तेंदूकोना क्षेत्र के ग्राम बुंदेली से महिला की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने बाताया कि मृतका रेवती दीवान पिता स्व. श्यामलाल दीवान (49) की अज्ञात कारणों से फांसी लगा लेने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत जहर सेवन से एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि संजय निषाद पिता कन्हैया लाल (35) ग्राम सिमगांव ने बीते शुक्रवार को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था, जिसे परिजनों ने अंबेडकर अस्पताल रायपुर में भर्ती किया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### आचार संहिता लगने से फीका पड़ा होली का रंग

**महासमुंद।** आगामी लोकसभा चुनाव के चलते लगे आचार संहिता का असर होली के त्यौहार पर दिख रहा है। वैसे तो होली की तैयारी और मनाया जाना सप्ताह भर पहले ही शुरू हो जाता है। लोग रंग, पिचकारी, होलिका दहन को लेकर सामान जुटाने की तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन इस बार आचार संहिता के चलते लगाई गई पाबंदियों का असर पर्व पर दिखने लगा है। त्यौहार की रौनक फिलहाल फीकी है। शहर के चौक-चौराहों में होलिका दहन को लेकर कोई तैयारी नहीं दिख रही है। शहर के अलावा गांवों का भी यही हाल है। आचार संहिता लगते ही इस बार लाउड स्पीकर एवं डीजे आदि पर पाबंदी लगा दी गई है।

## बैठक : होली त्योहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने मैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक

# सड़क पर होली न जालाएं हानिकारक रंगों से बचें, हुड़दंग मचाया तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- होली त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने आम जनता से सहयोग की अपील

होली त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने तहसील मुख्यालय थाना मैनपुर में शनिवार सुबह 11:30 बजे शांति समिति की बैठक मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, तहसीलदार जौली जेम्स, थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के लोगों ने होली के त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन को सहयोग करने की बात कही।

होली त्यौहार में शांति व्यवस्था हेतु मैनपुर एसडीएम डाक्टर तुलसीदास मरकाम ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है, कि वे होली दहन के लिए हरे पेड़–पौधे को न काटें, सड़कों के बीचों–बीच होलिका दहन न करें, रंग गुलाल के प्रयोग में ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करें, वाहन धीमी गति से चलाएं व तीन सवारी न बठाएं साथ ही नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की है। तहसीलदार


▶▶| शेष पेज 13 पर




### सदभावना के साथ त्योहार मनाएं

जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा मैनपुर क्षेत्र में सभी त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाते हैं यहां के लोगों में आपसी सामाजिक समरसता और एकता काफी मजबूत है और हमें अपने भाईचारा को कायम रखते हुए सदभावना के साथ त्योहार मनाने की बात कही है बैठक में प्रमुख रूप से एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम, तहसीलदार जौली जेम्स, थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, सरपंच बल्देवराज ठाकुर, मुस्लिम समाज अध्यक्ष हनीफ मेमन, ब्लाक कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष भोला जगत, गफ्फू मेमन, महामंत्री गेन्दू यादव, जाकीर रजा, रसीद खान, बसंत जगत, मनीदास मानिकपुरी, लोकेश्वर जगत, प्रबल कश्यप, भूषण डोंगरे, शांति जगत एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी नगरवासी उपस्थित थे।

## हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस सख्त, पेट्रोलिंग वाहन दिन भर करेगा भ्रमण

**राजिम।** चुनावी आचार संहिता को देखते हुए इस बार होली पर्व के लिए पुलिस बहुत ही कड़क हो गई है। किसी भी तरह से गुंडा, बदमाशो को बख्शे नही जाएंगे। इन पर कड़ी कार्यवाही होगी। खासतौर से उन गुंडों के खिलाफ पुलिस का कड़क रवैय्या हो गया है जो आदतन हैं। शराब पीकर हुल्लड़ करते हैं, दादागिरी करते हैं। लोगों के नाक में दम कर देते हैं। ठीक इसी तरह शराब के अवैध रूप से तस्करी करने वाले कोचियाओं के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐसे समाज विरोधी लोगों के खिलाफ पुलिस बारीकी से निगाह रखी हुई है। थाना क्षेत्र के 32 में से 10 ऐसे संवेदनशील गांव हैं जहां विशेष रूप से निगाह रखी जा रही है। इन गांवों में किसी भी प्रकार से गुंडागर्दी करने वालों को बर्दाश्त नही किया जाएगा।सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। गुंडों के खिलाफ की जाने वाली किसी की भी सिफारिश नही सुनी जाएगी। दारू पीकर हुल्लड़बाजी करने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल के नीचे पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक में बेरियर लगाकर चेक पॉईंट सुनिश्चित कर लिया गया है।पेट्रोलिंग गाड़ी थाना क्षेत्र के गांवो में दिन भर भ्रमण करेगी। पेट्रोलिंग के दौरान हुल्लड़ करते पाए जाने पर थाना में


▶▶| शेष पेज 13 पर


## पति-पत्नी आग में झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के ग्राम भठगांव में पति और पत्नी आग से जल गये हैं, जिसमें पत्नी गंभीर रूप से 60 प्रतिशत जल गई है तो वहीं पति भी झुलस गया है। दोनों को ईलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया था। जहां से जिला अस्पताल के बाद रायपुर रिफर किये जाने की जानकारी मिली है, मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से 7 किलोमीटर दूर ग्राम भठगांव निवासी सोहद्रा बाई कुम्हार उम्र 40 वर्ष आग से जल गई है, जिससे 60 प्रतिशत जलने से उन्हे गंभीर अवस्था में मैनपुर अस्पताल लाया गया उनके साथ उनके पति संतोष भी आग से झुलस गये है। दोनों आग से कैसे झुलसे है इसकी जानकारी सामने नहीं आया है वहीं मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं हुई है, आग से झुलसे पति पत्नी का ईलाज मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाद जिला अस्पताल और रायपुर में किये जा रहे है जानकारी मिली है।

### मोटर सायकिल से गिरकर तीन घायल

मैनपुर। क्षेत्र में मोटर सायकल के चक्का फिसल जाने से तीन लोग जिसमें श्रीराम मरकाम, योगेश मरकाम, खेमसिंह को चोट लगने से मैनपुर अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया है। वहीं दुसरी ओर गौरघाट मार्ग दो मोटर सायकल आज शनिवार शाम को आपस में जबरदस्त टकराने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये घायल युवक घठुला निवासी महेश कुमार बताया जा रहा है।

## शिक्षकों और छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद के सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल (आई ए एस) के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नगर में नारा लगाते हुए रैली निकालकर सभी नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आवाह्न किया गया। प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध के निर्देशन में नर्गिस कुरैशी प्रधान पाठक तथा गंगोत्री साहू पीटीआई के नेतृत्व में अर्चना पचाबिए प्रधान पाठक प्राथमिक विंग के सहयोग से आयोजित किया गया। इस रैली में कमलेश आसरानी, डागेश्वरी साहू, कैलाश कोशरे, धर्मेंद्र कुमार मार्टल, पुरुषोत्तम लाल साहू, अंजनी सोम, राकेश कुमार साहू, महिमा तिर्की, किरन नंद, रोशनी साहू, माधवी देवी, त्रिलोचना साहू, योगेश्वरी रात्रे और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए। इस अवसर पर रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।

### 50 लीटर शराब जब्त, 1 गिफ्तार



**फिंगेश्वर।** पुलिस थाना फिंगेश्वर स्टाप के द्वारा थाना प्रभारी फैजल होदा शाह के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम लोहझर निवासी सुधारू बरिहा उम्र 60 वर्ष के बाड़ी में पैरावट में छिपा कर रखे 50 लीटर महुआ शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

महुआ शराब का बाजार मूल्य 10 हजार आंका गया है।आरोपी सुधारू के खिलाफ फिंगेश्वर थाना में आबकारी एक्ट 34(2)के तहत कार्यवाही कर उसे न्यायिक रिमांड मे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही होली पर्व को देखते हुए गरियाबंद एसपी अमित कुमार तुकाराम


▶▶| शेष पेज 13 पर


## चंदे की अवैध वसूली, खतरे की घंटी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** होली मस्ती और उत्साह का त्यौहार है। मंजीरे और नगाड़ों की गुंज चारो ओर सुनाई पड़ रही है। त्योहार की धूम ग्रामीण अंचलों में साफ दिखाई दे रहा है। होली पर्व जैसे -जैसे नजदीक आता है।

वैसे ही ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर कुछ दिन पहले बच्चे व बड़े सड़कों पर रस्सी लेकर वाहन चालकों को रोककर होली चंदा मांगने लगते हैं। लेकिन वर्तमान समय में कई लोग नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। तेज रफ्तार के कारण कभी-कभी गाड़ी कंट्रोल नहीं हो पाता जिससे बच्चों को दुर्घटना का शिकार हो जाते है। ऐसी कई घटनाएं घट चुका है। उभरते हुए युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने इस तरह की दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार पहल करते आ रहे हैं। होली के त्यौहार में कोई भी दुर्घटना का शिकार ना हो इसके लिए सभी नागरिकों से सतर्कता बरतने अपील किये है। साथ ही प्रशासन को भी इस पर नजर रखने आग्रह किये है। इस मौके पर प्रमुख रुप से देवेन्द्र, त्रिलोक, हेमंत, भानु, टुमेन्द्र, भुवन उपस्थित थे।

## विश्व क्षय दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# अभियान जारी, जिले की 99 पंचायत टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 22 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गुरुकुल कॉलेज परिसर में सभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदु ने बताया गया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024 तक टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा गया है, जिसे चिन्हाकित एवं समूह वाले क्षेत्रों एवं हाट बाजार टीबी खोज अभियान चलाकर प्राप्त किया जा सकता है। टीबी मुक्त करने हेतु जन समूह की सहभागिता को आवश्यक बताया गया है, जिसे विभिन्न प्रचार प्रसार के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। जिला गरियाबंद में 99 पंचायत टीबी मुक्त हो चुका है। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉक्टर अमन हुमने द्वारा विश्व क्षय दिवस 2024 के थीम यस व्ही कैन इंड टीबी के माध्यम से बताते है कि टीबी रोग के लक्षण जांच उपचार संबंधी जानकारी देकर दो हफ्ते से अधिक खांसी होने पर अनिवार्य रूप से बलगम की जांच कराने के लिए अपील भी किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर डीएन नाग, आरएमओ डॉक्टर हरीश चौहान, एनटीसीपी सलाहकार डॉक्टर सृष्टि यदु, प्रभारी डीपीएम डॉक्टर योगेन्द्र रधुवंशी, एपिडेमोलॉजिस्ट शंकर पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेन्द्र साहू, जिला कार्यक्रम समन्वयक भूपेंश कुमार साहू, धीरज कुमार शर्मा, भारत सिंह ठाकुर, अमृत राव भोसले, ललित कुमार देवांगन, टीकेश साहू, सौरभ गुप्ता, एनकुमार, नर्मदा साहू, कमलेश मरकाम एवं एनएचएम व जिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सीएम साय को भेंट की मोदी मैजिक पुस्तक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अमित चिमनानी ने अपनी लिखित पुस्तक मोदी मैजिक भेंट की। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी की किताब मोदी मैजिक के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। निश्चित ही यह किताब जनमानस तक पहुंचकर पीएम मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को तथ्यों एवं आंकड़ों के साथ समझने में एक श्रृंखला का कार्य करेगी।

### व्यापारी संघ के सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश



**रायपुर।** कांग्रेस नेता अमर गिदवानी एवं तेजकुमार बजाज के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष कटोरा तालाब व्यापारी संघ, पूज्य सिंधी पंचायत कटोरा तालाब, उत्तर-दक्षिण विधानसभा एवं गोदड़ीधाम के लगभग 100 पदाधिकारियों ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान रमेश कलश, सुरेश सहगल, विजय नागवानी, सर्वजीत सिंह चंढोक, लवली भाटिया, रितेश जसवानी, अक्षय सहगल, विवेक, अभिषेक बजाज, गगनदीप सिंह कोहली, जसप्रीत सिंह कोहली, राजकुमार पंजवानी, रवि पंजवानी, नरेश लहरवानी, सुरेश टहिल्यानी, पीयूष कोडवानी, विजय कोडवानी, वासु जोतवानी, महेश हरजानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, जय पंजवानी, साहिल राजपूत, विक्की माखीजानी, राजू किंगरानी, कमल खूबचंदानी, राज बजाज, भावेश, नरेश परयानी आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### मिष्ठान भंडार में गंदगी 7 हजार जुर्माना

**रायपुर।** निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने जन शिकायत के आधार पर मालवीय रोड स्थित गुजराती मिष्ठान भंडार में सफाई का जायजा लिया। इस दौरान मिष्ठान भंडार में अपना आउटलेट नहीं बनवाने, हॉटल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। यही नहीं, हॉटल का मलबा नाली में डाला जा रहा था। जन शिकायत सही मिलने पर संचालक को चेतावनी देते हुए 7 हजार रुपए जुर्माना करने निर्देश दिये। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 3 के काली माता वार्ड और पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

### निर्माण सामग्री जब्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन 1 ने वीर शिवाजी वार्ड में खमतराई मुख्य मार्ग का प्रत्यक्ष किया। इस दौरान सड़क पर निर्माणाधीन भवन के सामने भवन निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी रखी पायी गयी। जोन कमिश्नर हितेश यादव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर की टीम ने भवन स्वामी भगतराम देवांगन से 1,000 रुपये सड़क बाधा शुल्क वसूला। सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क से जब्त किया गया।

# समाज कल्याण एवं मत्स्य पालन के दफ्तर में 15 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, सभी को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जिला कलेक्टर गौरव सिंह के औचक निरीक्षण से जिले के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में पदस्थ कर्मचारियों के ड्यूटी से गायब रहने एवं घंटों विलंब से आने की पोल खुलने लगी है। कलेक्टर ने शुक्रवार को सुबह 10.25 से 11.40 बजे के बीच कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण और तेलीबांधा स्थित उप संचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन दोनों कार्यालयों में 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे एक दिन पूर्व भी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कृषि, खाद्य, आबकारी, भू-अभिलेख, आदिवासी विकास आदि कार्यालयों का भी निरीक्षण करते हुए 127 कर्मचारियों को कार्यालयों में अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी कराया है।

जिले में एक ओर जहां लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों के कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों का अपने ड्यूटी के प्रति लापरवाही एवं मनमानी देखी जा रही है। कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के कभी भी छुट्टी ले लेते हैं, वहीं कई कर्मचारी घंटों विलंब से ड्यूटी पर पहुंच रहे हैं। इसके कारण इन विभागों में जहां कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं आम लोगों को भी अपने काम के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

#### कलेक्टर गौरव सिंह ने किया औचक निरीक्षण



**15 कर्मचारियों का कटेगा एक दिन का वेतन**

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में कर्मचारियों की उपिस्थिति एवं समय पर पहुंच रहे है या नहीं इसकी जांच करने सुबह साढ़े दस बजे औचक निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण के दूसरे दिन वे सुबह 10.25 मिनट पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। कार्यालय में उस समय तक 8 कर्मचारी पहुंचे ही नहीं थे। इसके बाद कलेक्टर ने तेलीबांधा स्थित उपसंचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय पहुंचे। यहां वे करीब 10.40 मिनट पर पहुंचे। यहां भी 7 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का असाधारण अवकाश घोषित कर एक दिन का वेतन काटने के लिए निर्देश वित्त शाखा को दिए।

### आहरण संवितरण अधिकारी बिलों में करेंगे डिजिटल हस्ताक्षर

# कोषालयों में सरकारी विभागों के सभी बिलों को दी जाएगी ऑनलाइन मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल के साथ अन्य बिलों को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए तैयारियां वित्त विभाग द्वारा शुरू कर दी गई हैं। सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाइन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से कामकाज आसान होगा, साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी।

राज्य के सभी कोषालयों में वर्तमान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल की स्वीकृति के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ई-कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही विभागों के माध्यम से बिलों की हार्डकॉपी भी आहरण संवितरण अधिकारियों के हस्ताक्षर के बाद कोषालयों में जमा किए जा रहे हैं। कोषालयों में बिलों की आहरण की अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद विभागों को बिलों की हार्डकॉपी कोषालयों में जमा करने की जरूरत नहीं होगी।



**सीएजी को भेजेंगे ऑनलाइन प्रतिवेदन**

सैलरी के अलावा अन्य बिलों को भी ऑनलाइन स्वीकृति के लिए संचालनालय कोष लेखा द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ई-कोष के लिए महालेखाकार कार्यालय में अलग से सर्वर भी स्थापित किया गया है। बिलों की ऑनलाईन मंजूरी प्रक्रिया के लिए वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भी महालेखाकार को भेजा जाने वाले सभी प्रतिवेदन ऑनलाइन भेजे जाएंगे, इसके लिए अलग से सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

**बार-बार कोषालय जाने की जरूरत नहीं**

संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि बिलों के आहरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद कोषालयों में बिलों की मंजूरी इसी प्रकार बिलों में आपति लगाने जैसे काम भी ऑनलाईन होंगे। बिलों पर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण भी ऑनलाईन होगा। इससे विभागों के कर्मचारियों को बार-बार कोषालय जाने की जरूरत भी नहीं रहेगी।

**वित्त सचिव ने दिए ये निर्देश**

वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने आज इंद्रावती भवन स्थित कोष एवं लेखा संचालनालय में ई-कोष साफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूल के संबंध में पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें कोषालय में बिल पासिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। श्री कुमार ने संचालक, कोष एवं लेखा को कोषालयों में पेपर लेस कार्य एक जुलाई 2024 से प्रारंभ किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। इस दौरान पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम और सिंगल नोडल एजेंसी के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संचालक (बजट) शारदा वर्मा, संचालक, कोष एवं लेखा महादेव कावरे, संचालक संस्थागत वित्त शीतल शाश्वत वर्मा, वित्त नियंत्रक तिलक सोरी, अखिलेश्वर सिंह, अपर संचालक ई-कोष, अल्पना घोष, अपर संचालक संस्थागत वित्त अमितेश सिंह, उप सचिव (वित्त) ऋषभ पाराशर और पीएल साहरा वरिष्ठ कोषालय अधिकारी उपस्थित थे।

**20 मार्च को लिये सैंपल, होली के पहले आ सकती है रिपोर्ट**

# एक ही दिन में शहर के 12 बोर के 20 नमूने कलेक्ट







हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम के फिल्टर प्लांट ने दो दिन पूर्व डेढ़ दर्जन से ज्यादा स्थानों पर अलग-अलग वार्डों में लगाये सार्वजनिक स्थानों के 12 बोरवेल के पानी की गुणवत्ता जांचने 20 सैंपल कलेक्ट किये। इन पानी के नमूनों की निगम के प्रयोगशाला में जांच कर होली के पूर्व रिपोर्ट आएगी। इसके साथ ही शहर के कुछ पावरपंपों से पानी के सैंपल भी जांच के लिए एकत्र किये गये हैं।

पेयजल स्त्रोतों के पानी की गुणवत्ता जांच के लिए नगर निगम रूटीन जांच के साथ ही जलसंकट संभावित क्षेत्रों के सार्वजनिक हैंडपंप और पावर पंपों से पानी के सैंपल लेकर उसकी जांच करा रहा है। जांच रिपोर्ट में हैवी बैक्टीरिया मिलने पर इसे केवल निस्तारी कार्य के लिए चिन्हांकित किया जायेगा। पीने के लिए संबंधित बोरवेल के उपयोग की मनाही सुनिश्चित की जायेगी। अधिकारियों का कहना है, सार्वजनिक हैंडपंप में 2400 एमपीएन बैक्टीरिया को हैवी बैक्टीरिया माना गया है, जबकि 100 से 400 एमपीएन बैक्टीरिया जांच रिपोर्ट में मिलने पर उसका केमिकल डालकर जल शुद्धिकरण करते उपयोग लायक बनाया जा सकता है।

**इन इलाकों के लिए सैंपल**

गभरापारा, पुजारी नगर, दुर्गा चौक, नयापारा, समलेश्वरी नगर , तेलीबांधा इलाके में स्थित देवार डेरा।

**जोन 9 :** विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित ब्रम्हदेव नगर, सूरज नगर, बजरंग चौक, जोन 3 क्षेत्र स्थित विनोबा भावे नगर।

**हर 15 दिन में फिल्टर प्लांट के पानी की जांच**

शहरवासियों तक नगर निगम की अलग-अलग पानी टंकियों से रोजाना नलों में होने वाली जल आपूर्ति की जांच के लिए फिल्टर प्लांट के पानी की गुणवत्ता परखने राज्य स्तरीय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रयोगशाला में पानी की जांच कराई जाती है। यह जांच हर 15 दिन में प्लांट की टेस्टिंग के दौरान कराई जाती है।

# आदिवासी विकास दफ्तर में टला बड़ा हादसा छुट्टी के दिन गिरा फॉल्स सीलिंग का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग में संचालित आदिवासी विकास विभाग के दफ्तर में बड़ा हादसे होते-होते टल गया। इस दफ्तर के कमरों में लकड़ी बोर्ड की फॉल्स सीलिंग लगी हुई है। इनमें एक कमरे की फॉल्स सीलिंग का एक बड़ा बोर्ड अचानक टूटकर गिर गया। बोर्ड सीधे टेबल पर जा गिरा, जिससे टेबल पर रखा करीब 6 से 8 एमएम मोटा कांच के कई टुकड़े हो गए। यह हादसा अवकाश के दिन हुआ है, इसलिए हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अगर यह हादसा दफ्तर के खुले होने के दौरान होता, तो इससे अधिकारी-कर्मचारी हताहत भी हो सकते थे।

आदिवासी विकास विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 16 मार्च शनिवार के दोपहर करीब 12 बजे की है। इस दिन शासकीय अवकाश था। सूत्रों ने बताया कि जिस कमरे की फाल्स सीलिंग का बोर्ड गिरा है, उस कमरे में अक्सर नर्सिंग के अधिकारी छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करते हैं। इस कमरे में मोटा कांच लगा एक बड़ा टेबल रखा हुआ है। अधिकारी इस टेबल पर ही काम करते हैं। दफ्तर के अन्य स्टॉफ भी इस कमरे में आते-जाते रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को छुट्टी के दिन भी नर्सिंग के अधिकारी छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करने के लिए यहां आने वाले थे, लेकिन किसी कारण से बाद में आना कैंसिल कर दिया।



**बिल्डिंग हो चुकी जर्जर**

तीन मंजिला कलेक्टोरेट बिल्डिंग के चारों तरफ का बाहरी हिस्सा जर्जर हो गया है। बिल्डिंग के मुख्य गेट के सामने और टाउन हाल की ओर के कई हिस्सों के छज्जें जर्जर होकर टूटकर गिर भी चुके हैं।

**दो माह पहले गिरा था बरामदे के छज्जे का प्लास्टर**

करीब दो माह पहले इसी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में खनिज विभाग के दफ्तर के पास बरामदे में छज्जे का बड़ा स्लैब गिरा था। यह हादसा कलेक्टर के खनिज विभाग के दफ्तर का निरीक्षण करने के करीब 3 घंटे बाद हुआ था।

**दूसरे कमरों के फॉल्स सीलिंग भी लटक रहे**

इस दफ्तर के अन्य कमरों में भी फॉल्स सीलिंग लगी है, जिनका सालों से मेंटनेंस नहीं हो पाया है। इसके कारण इन कमरों के फॉल्स सीलिंग के बोर्ड भी कई जगह से लटकने लगे हैं। इसके कारण इनमें से कई बोर्ड कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

**खबर का असर : कृषि विभाग के जर्जर कमरे को कराया गया खाली**

हरिभूमि ने कृषि विभाग के पूरी तरह जर्जर हो चुके एक कमरे की खबर प्रकाशित की थी। इस कमरे में करीब 8 कर्मचारियों का स्टॉफ बैठता है। कमरे का छज्जा पूरी तरह से जर्जर होने के कारण उसके स्लैब गिर चुके हैं। यह स्लैब भी अवकाश के दिन गिरे थे, इसलिए इस हादसे में भी कर्मचारी बाल-बाल बच गए थे। इस खबर का असर अब देखने को मिला है। विभाग के अधिकारी ने कर्मचारियों की जान की परवाह करते हुए कमरे को खाली करा कर कर्मचारियों को दूसरों कमरों में शिफ्ट करा दिया है। विभाग ने इस कमरे के रेनोवेशन के लिए पांच लाख रुपए का प्रस्ताव भी प्रशासन को भेजा है।

# प्राप्टी डीलर के कब्जे से इटालियन मेड पिस्टल, कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ दो वर्ष पूर्व बिहार के युवक से खरीदी थी पिस्टल

पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने एक प्राप्टी डीलर के कब्जे से इटालियन मेड 7.65 एमएम पिस्टल के साथ जिंदा कारतूस जब्त किया है। पकड़े गए प्राप्टी डीलर के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया है। प्राप्टी डीलर को पुलिस ने लोगों की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अवैध रूप से पिस्टल रखने के आरोप में पुलिस ने ब्रम्हपुरी निवासी अभिजीत पोद्दार उर्फ ठोकुन दादा को गिरफ्तार किया है। अभिजीत पर आरोप है कि वह अपने क्षेत्र में लोगों को पिस्टल दिखाकर धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर अभिजीत के घर की तलाशी लेने के बाद पिस्टल के साथ चार जिंदा कारतूस जब्त किया। पूछताछ में अभिजीत ने पुलिस को बताया है कि कोविड के समय उसे बिहार का एक युवक मिला। बिहार के युवक ने अभिजीत से कहा कि आप प्राप्टी खरीदी-बिक्री का काम करते हैं, इसके कारण आपको नकदी रकम लाना ले जाना पड़ता है। सुरक्षा के लिए बिहार के उस युवक ने अभिजीत को पिस्टल रखने की सलाह देते हुए अपने पास रखे पिस्टल को सात हजार रुपए में बेचा।



### दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी सड़क पर उतरी 'आप'

**रायपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शन के सिलसिलों में छत्तीसगढ़ में भी इसका विरोध करते हुए आप ने प्रदर्शन किया। रायपुर में आंबेडकर चौक पर पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव बदूद आलम, प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश सचिव देवलाल नरेठी, उत्तम जायसवाल, प्रियंका शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा, दो साल में सैकड़ों बार रेड की जा चुकी है। डेढ़ हजार अफसरों की टीम लगी, लेकिन 5 रुपए भी बरामद नहीं हुए। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार विपक्ष को पूरी तरह से खत्म करने के लिए ये हथकंडे अपना रही है।

# लापरवाह वाहन चालक को ड्राइविंग के गुर सिखाने 'यातायात की पाठशाला'




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लापरवाह वाहन चालकों को ट्रैक पर लाने ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने का काम करती रही है। एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ट्रैक पर लाने तथा ट्रैफिक नियम का पालन कराने शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाकर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देने के साथ संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाने वाहन चालकों में जागरूकता जरूरी है। ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की प्रमुख चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाई जा रही है। यातायात की पाठशाला में प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा चौराहों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को रोककर नियमों की जानकारी तथा पालन करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**सख्ती के साथ जागरूकता जरूरी**

अफसर के अनुसार ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमित चालानी कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस कर रही है। इसी क्रम में यातायात नियमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए नया तरीका निकाला गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शास्त्री चौक, मरीन ड्राइव तथा रेलवे स्टेशन चौक पर यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का एसएसपी ने शुभारंभ किया।

# प्रतिबंध के बावजूद बाजार में बिक रहा होली मुखौटा



**रायपुर।** होली में मुखौटा की बिक्री और पहनना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद राजधानी रायपुर के बाजार में कई थोक एवं चिल्हर दुकानों में मुखौटा बिक रहा है। इन दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करना तो दूर, इन दुकानों की पड़ताल तक नहीं की जा रही है। इसके कारण प्रतिबंधित मुखौटों की शहर में धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।

शहर के उरला क्षेत्र में होली की कई चिल्हर दुकानें सजी हुई है। इन दुकानों में एक दुकान में मुखौटा बेचा जा रहा था। पुलिस ने इस दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान से बड़ी मात्रा में मुखौटा जब्त किया है।

पुलिस ने दुकानदार को हिदायत भी दी कि दोबारा मुखौटा बेचते मिला तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय संयुक्त सचिव पहुंचीं हमर लैब व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक ने जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब का भ्रमण कर वहां की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बीते वर्ष में 90 लाख से ज्यादा टेस्ट किए जाने की जानकारी पर उन्होंने हमर लैब के स्टाफ को शाबाशी दी।

संयुक्त सचिव ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान पंजीयन, सैंपल कलेक्शन काउंटर, आयुष्मान कक्ष, कियोस्क एवं सहायता केंद्र, बैक्टिरियोलॉजी लैब, हिमैटोलॉजी लैब, कल्चर कक्ष और कोल्ड कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हे जानकारी दी गई कि लैब में 120 तरह के जांच की सुविधा है।



यहां बीते वर्ष वर्ष-2023 में 90 लाख 57 हजार 888 मरीजों के टेस्ट किए गए हैं। वर्ष-2022 में यह संख्या 51 लाख 85 हजार 309 थी। इस दौरान उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना के निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए प्रचलित टोकन सिस्टम के बारे में पूछा। उन्होंने खुद टोकन डिस्पेंसर से टोकन निकालकर देखा और रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। टीकाकरण कक्ष, ड्रेसिंग रूम, महिला वॉर्ड, लेबर रूम और फॉर्मेसी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. एसके पामभोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन एसके भंडारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनंद साहू मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## सरस्वती मंदिर स्कूल के छात्रों ने खेली होली



**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में होली पर्व को लेकर विद्यालय में होली मिलन मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाजी शिक्षण समिति की व्यवस्थापक पूनम यादव एवं प्रधानाचार्य जी सुरेश्वर कुमार यादव रहे। जिन्होंने होली पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए सभी को रंग गुलाल लगाकर सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के छात्रों द्वारा नगाड़े के साथ होली गीत गाते हुए एक - दूसरे पर रंग लगाकर सभी को बधाई देते हुए होली पर्व मनाया गया।

**पेज 11 के शेष**

### सड़क पर..

जौली जेम्स ने शांति समिति की बैठक में बताया कि त्यौहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली दहन स्थानों पर किसी प्रकार की अशांति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। रात्रि में होली दहन तक विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा गश्त कर नजर रखी जाएगी, साथ ही शराब पीकर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर सतत निगरानी रखी जाएगी एवं उन पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने आगे कहा होली, रंगपंचमी पर्व पर त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले रंगों, कीचड़ आदि का प्रयोग नहीं करने को कहा। मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने कहा होली पर्व शांतिपूर्ण परंपरा अनुसार मनाया जाए मैनपुर पुलिस के जवान चौक चौराहों में तैनात किए जाएंगे शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर कार्यवाही किया जाएगा उन्होंने मैनपुर क्षेत्रवासियों से होली पर भाईचारा बनाने की अपील की है।

### हुड़दंगियों के ...

बंद कर कार्यवाही की जाएगी।

**रेल्वे स्टेशन पारा में पुलिस की विशेष नजर :** नवापारा थाना क्षेत्र के संवेदनशील ग्राम पारागांव, सुंदरकेरा, परसदा, नवागांव, टीला, तोरला, कठिया, चंपारण में निगाह रखी जाएगी। जानकारी के मुताबिक शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में खासतौर से बस स्टैण्ड, नगरपालिका के सामने गंज मार्ग, सोमवारी बाजार, इंदिरा मार्केट, शीतलापारा, चांदी चौक, नेहरू घाट, मैडम चौक, रेल्वे स्टेशन पारा में पुलिस की विशेष नजर रहेगी। यहां पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा इन पॉईंटों पर पूरा दिन भर पेट्रोलिंग गाड़ियां दौड़ती नजर आएगी। गुंडागर्दी किसी की बर्दाश्त नहीं की जाएगी और न ही किसी की सिफारिश सुनी जाएगी। शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा।

### 50 लीटर शराब...

कांबले के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर एवं अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन मे किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी फेजल होदा शाह, एएस आई खुमान लाल महिलांग, आरक्षक परमानंद साहू, रोशन साहू, खेमचंद ध्रुव शामिल रहे।

## सजी रंग-बिरंगी पिचकारियों की दुकानें...





**नवापारा-राजिम।** शहर के बस स्टेण्ड से लगे हुए गंज मार्ग पर तरह-तरह के रंग-बिरंगे पिचकारियों की दुकाने सज गई हैं। लोग बड़े उत्साह के साथ अपने बच्चों के लिए रंग, पिचकारी और गुलाल खरीदने में मशगुल हो गए हैं। रंग पिचकारियों की दुकाने सदर बाजार के अलावा कईयो स्थानो पर लग गई हैं।

# होलिका दहन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रात्रि 11.14 से 12.20 बजे तक

**रसेला।** हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन मुख्य रूप से विष्णु भक्त प्रह्लाद की याद में किया जाता है।अंजनी शरणं महराज के मतानुसार होलिका दहन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रात्रि 11.बजकर 14 मिनट से लेकर 12. बजकर 20 मिनट तक रहेगा यानी इस दौरान होलिका दहन करना शुभ रहेगा। शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा तिथि और भद्रा रहित काल में करना शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन में सभी नकारात्मक शक्तियों का नाश हो जाता है और आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस वर्ष होली पर चंद्र ग्रहण और होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा।



100 साल बाद होली और चंद्र ग्रहण दोनों ही एक ही दिन है। चंद्र ग्रहण 25 मार्च को सुबह 10.23 बजे शुरू होगा और दोपहर 3 .02 बजे तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। होलिका दहन के समय परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ नया अन्न गेहूं जौं और चना की हरी बालियों को लेकर पवित्र अग्नि में समर्पित करें। होलिका की अग्नि को अतिपवित्र माना गया है। होलिका दहन की राख से न केवल कष्ट दूर होते हैं, सुख समृद्धि भी आती है। होली की अग्नि को लेकर इससे अखंड दीपक जलाने पर जीवन में सुख समृद्धि शांति आती है।

### नशा : दुकान के बंद होते तक रही रेलमपेल भीड़, कोचिये रहे सक्रिय

# होलियाना माहौलः शराब दुकानों में उमड़ी भीड़, स्टाक करते दिखे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम





होली त्यौहार में नवापारा और राजिम की देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान में मानो मेला लगा हुआ है। ऐसी भीड़ हालांकि हर साल लगती है परंतु इस बार की भीड़ ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। लाईन लंबी इस तरह मानो कोई राशन दुकान में राशन लेने के लिए लगी हो या थियेटर में कोई नया फिल्म लगा हो।

लोग शराब के इतने दीवाने हो चुके हैं कि सारा काम एक तरफ और शराब लेने के लिए लाईन लगने की बात एक तरफ। हर कोई अपने दो दिन के कोटे को एक साथ हासिल कर लेना चाहता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इन दोनों ही शराब दुकानों में लाईन उस समय से लग गई थी जब दुकान के शटर ही नहीं खुले थे। दुकान खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पूरा दिन से लेकर दुकान के बंद होते तक रेलमपेल भीड़ लगी रही। मौके का फायदा कोचिये तो उठा ही रहे हैं बल्कि ऐसे लोगों की यहां से रोजी-रोटी निकल रही है जो लाईन में खड़े होने में अपना तौहीन समझते हैं वे इन्हें 10-50 रूपए देकर लाईन में खड़ा करा देते हैं। इस तरह से लाईन में खड़े होने वाले कई लोग इसी तरह सैकड़ो रूपए कमा लेते हैं।

### शराब लेने मची रही होड़

शराब प्रेमियों के मुताबिक इन दोनों दुकानों में मनपसंद ब्राण्ड नहीं मिल रहा हैं। इसलिए जो मिलता है वे मजबूरी में लेते हैं और चलते बनते हैं। होली की खुमारी यहां एक दिन पहले से ही चढ़ गई है। लगता है यह खुमारी कम से कम 3-4 दिन तो उतरने वाली नहीं है। लोग एक दिन रंग-गुलाल खेलकर त्यौहार मनाएंगे। बाकी दिन त्यौहार के उपलक्ष्य में पार्टी करेंगे। यह सिलसिला अभी लंबा चलेगा। बताया जा रहा है होली को देखते हुए पिछले 5-6 दिनों से दोनों शराब दुकान हाऊसफुल चल रहा है। इस हाऊसफुल के बीच लोगों में शराब लेने की होड़ मची हुई है। दुकान कैम्पस को दूर से ही देखने पर ऐसा लगता है जैसे यहां कोई अमृत बंट रहा हो। शराब के खिलाफ कितनों ही प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, मगर इसका असर बिल्कुल भी नहीं होता। होली हो या दीपावली, ऐसे बड़े त्यौहारों के मौके पे यहां के शराब दुकान में ऐसी ही भीड़ लगती है। एक-एक व्यक्ति को शराब के बॉटल, अद्धी और पौवा लेने में पसीना बहाना पड़ रहा है। शराब लेने वालों को अपने रूपए के प्रति कोई हमदर्दी नहीं है। लाईन में लगे लोग एक से बढ़कर एक बात बताते हैं।

### चखने की दुकानें सजी

शराब दुकान से लगा हुआ कईयों तरह के चखना दुकान सजे हुए हैं। यहां भी लोग भीड़ लगाए हुए हैं। भजिया, बड़ा, मिर्चा भजिया कड़ाही से निकलने नहीं पाता कि लोग मुझे पहले दो, ऐसा करके बोलने लग जाते हैं। परात से ये सामग्री मिनटों में ही खत्म हो जाता है। पीने वालों को भजिया, बड़ा के अधपका होने का कोई मलाल नहीं होता। ढाबा, होटल, डेलीनिड्स कार्नरों से ज्यादा तो ठेले वालों के यहां भीड़ रहती है।

### शहर में दो दर्जन होटल

कमोवेश ऐसी ही भीड़ मुर्गा कॉर्नर और अंडे ठेलों में देखी जा रही है। लगता है त्यौहार का असली मजा शराबप्रेमी ही उठाते हैं। शहर में दो दर्जन होटल है। पर यहां मिठाई खरीदने वालों की संख्या नगण्य है। होली में गुझिया और मिक्सचर को पसंद किया जाता है, जो लगभग हर सामान्य घरों में बनता है। इसलिए भी होटल की मिठाई की मांग कम ही रहती है।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन



**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर की राष्ट्रीय स्वयं सेवक इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बोरिद में 15 से 21 मार्च तक किया गया था। जिसका समापन समारोह 21 मार्च को महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर निरंजन खरे के मार्गदर्शानुसार संयोजक डॉक्टर ओमेश ठाकुर, सहसंयोजक डॉक्टर सौरभ पदमशाली तथा विभा चंद्राकर की उपस्थिति में मानस भवन बोरिद में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला की प्रभारी प्रधान पाठक शिक्षिका हुलेश्वरी सोनकर एवं ग्राम मितानिन पार्वती साहू एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर ओमेश ठाकुर ने शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा सात दिनों में किए गए कार्यों विस्तार से बताया।शिविर के दौरान स्वच्छता एवं वृक्षा रोपण किया गया।

जिसके अंतर्गत रोड, नल, स्कूल सामाजिक भवनों को साफ किया गया और ग्राम पंचायत,हायर सेकेण्डरी स्कूल में वृक्षा रोपण किया गया।बालिका शिक्षा एवं पोषण वाटिका का निर्माण किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मानस भवन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान इस तरह साथ दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ।

### स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र का वितरण

मुख्य अतिथि हुलेश्वरी सोनकर ने सात दिनों से चलने वाली एनएसएस शिविर के कार्यों को सराहा और नवयुवकों को राष्ट्रहित कार्यों के लिए प्रेरित किये। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र का वितरण हुलेश्वरी सोनकर के द्वारा किया गया। ग्रामीण किसानों को अमरूद, कटहल, नींबू के पौधें भी वितरण किया गया और किसानों को पर्यावरण की जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों के द्वारा गीत, नृत्य एवं दहेज प्रथा पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की चतुर्थ वर्ष की छात्र प्रियंका यदु ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के सात जिलों सहित गरियाबंद जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षा शिक्षक सहायक कार्यक्रम का संचालन सत्र की शुरुआत से किया जा रहा जिसमें शिक्षक अपने स्कूल में बच्चो के साथ किए जा रहे विभिन्न नवाचारी गतिविधियों को इस ऐप में अपलोड करते है जिसे छत्तीसगढ़ के सात जिलो सहित देश के अन्य राज्यों के शिक्षक भी देखकर गतिविधियो को अपने विधालय में अनुसरण करते है साथ ही बोलेगा बचपन,सुनहरा शनिवार के अंतर्गत सभी गतिविधि को भी शिक्षको के द्वारा अपलोड किया जा रहा है जो शिक्षक इसमें प्रथम आते है उसे विनोबा ऐप द्वारा गिफ्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पोस्ट ऑफ माह के लिए जिला स्तर ब्लॉक स्तर पर आने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। माह फ़रवरी में जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको में डिगेश्वर कुमार साहू शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ीटिकरा, देवानंद साहू प्राथमिक शाला कोटरीछापर, विकासखंड स्तर पर लता मार्कण्डेय, लक्ष्मी दीवान शासकीय प्राथमिक शाला मजरकटा को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा द्वारा एवं विनोबा ऐप जिला समन्वयक दिनेश साहू द्वारा प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। विनोबा ऐप गरियाबंद जिला में अगस्त 2023 से संचालित है तब से लेकर अब तक ये शिक्षक टॉप स्थान पर है। शिक्षको के इस सफ़लता पर प्रशंशा करते हुऐ जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक केएस नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद दास, संकुल समन्वयक लोकेश्वर सोनवानी, रामकुमार साहू , इंदरप्रीत कौर कुकरेजा जिला विनोबा ऐप समन्वयक दिनेश साहू ने बधाई दी और इसी तरह से आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी।

# नगाड़ा खरीदने विधायक पैदल पहुंचे साप्ताहिक बाजार

■ विधायक ध्रुव ने 100 से ज्यादा बच्चों को पिचकारी व गुलाल बांटे

**मैनपुर।** होली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी लोग होली की तैयारी में लगे हुए है, ऐसे में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव अपने पत्नी वर्शा ध्रुव एवं बच्चों के साथ आज मैनपुर साप्ताहिक बाजार में पैदल घुम घुमकर होली त्यौहार की खरीदी करते नजर आये। विधायक को एक सामान्य नागरिक की तरह पैदल घुम -घुमकर



खरीदारी करते देख लोगों की भींड लग गई, विधायक जनक ध्रुव ने होली पर्व के लिए अपने पंसद के गुलाल, रंग, पिचकारी मिठाई के साथ नंगाडा की खरीदी बाजार में पैदल घुम -घुमकर किया। इस दौरान विधायक ने जिस जिस दुकान से पिचकारी, रंग, गुलाल खरीदे वहां ग्रामीणों की भींड लग गई और विधायक ने 100 से ज्यादा बच्चों को अपने तरफ से पिचकारी रंग गुलाल खरीदकर वितरण किया। इस दौरान संक्षिप्त चर्चा में विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि होली पर्व के लिये पिचकारी, गुलाल और मिठाई, नंगाडे खरीदी करने के लिए बाजार पहुचे है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, नेयाल नेताम, चित्रंश ध्रुव, डोमार साहू, हरिश्वर पटेल, मनीश पटेल, दीनु पटेल, टीकम पटेल, भुनेश्वर नेगी, इम्तियाज मेमन, शेख फैजान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# होली प्रेम, सौहार्द्र व उमंगों का त्योहार है : पूरन साहू

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में होली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने होली की पौराणिक कथा सुनाते हुए कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और उमंगो का त्यौहार है। यह बुराई रूपी कचरे को जलाकर अच्छाई रूपी ज्ञान विकसित करता है। रंगों का यह पर्व अन्याय, अत्याचार, ईर्ष्या, द्वेष छल–कपट को भस्म कर न्याय, सदाचार, प्रेम,



आनंद एवं निश्चल निर्मल वातावरण सृजन का संदेश देता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें मन की मलीनता को त्यागकर आपस में गले मिलकर भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। तत्पश्चात छात्र–छात्राओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, गीतांजली नेताम, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बच्चों को परोसी खीर व पूरी



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** पिपरहट्ठा के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को शुक्रवार को न्योता भोज कराया गया। जिसके आयोजक जगत साहु, महेश राम साहू, बीआरसी युवराज साहु, घनश्याम साहु थे। इस अवसर पर केएल मतवाले विकासखंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसी महेश राम साहू के द्वारा बच्चों को खीर, पूरी, दाल, चावल, सब्जी परोस कर बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सेन जी, संकुल प्राचार्य कुर्रे सर, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मांडले, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नामदेव, शिक्षक उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस ने आजादी के महान क्रांतिकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# युवा पीढ़ी को भगत सिंह के बताए रास्तों पर चलने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आजादी के महान क्रांतिकारी अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुकदेव की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित की गई।

इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दू यादव विशेष रूप से उपस्थित थे, इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने महान क्रांतिकारी भगतसिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहां कि सरदार भगतसिंह स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में उनके बलिदानो को युगो -युगो तक याद रखा जायेगा। श्री ध्रुव ने कहां की भारत के महान



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगतसिंह भारत देश की ताकत है जिन्होने हमें अपने देश पर मर मिटने की ताकत दी। श्री ध्रुव ने आगे महान क्रांतिकारी शहीद-ए- आजम भगतसिंह को नमन करते हुए कहा कि भगतसिंह मात्र 24 साल के उम्र मे ही अपने प्राण युवा अवस्था की खुशियां देश के आजादी के लिए न्यौछावर कर दी ताकि आज हम लोग चैन से जी सके।

### क्रांतिकारियों के जीवन से सीख लेने की जरूरत

कांग्रेस के महामंत्री गेंदु यादव ने कहां कि आज के युवा पीढ़ी को भगतसिंह, राजगुरू और सुकदेव जैसे महान क्रांतिकारियों के जीवन से सीख लेने की जरूरत है, उन्होने आगे कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह देश को आजाद कराने अपने प्राण न्यौछावर कर दिया, भारत माता के ऐसे सच्चे सपूत को आज पुरा देश याद कर रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पिलेश्वर सोरी, नंदकिशोर पटेल, त्रिभुवन पटेल, शांतुराम यादव, दयाराम यादव, खेलन साहू, इम्तियाज मेमन, अफजल खान, ठाकुर राम यादव, वरूण पटेल सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र./202312220600007 /अ-21 / वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जामुनबाई दीवान पति श्री सोमनाथ दीवान जाति कंवर, निवासी ग्राम जामगांव जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम फिंगेश्वर प.ह.नं. 09 तहसील फिंगेश्वर स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2022/12 रकबा 0.02 हेक्टेयर भूमि को श्रीमती दुर्गाबाई सोनी पति चिरंजीव सोनी निवासी महासमुंद के पक्ष में विक्रय/ अंतरण की अनुमति देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ न्यायालय कलेक्टर गरियाबंद से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजिम के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय / अर्द्ध शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 8/4/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते । नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 22/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद- मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
फिंगेश्वर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मोहित बजरंग दल जिला संयोजक बने



**छुईहा बेलर।** विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ की प्रांत बैठक 20 से 22 मार्च रायपुर सदाणी दरबार में रखा गया। संगठन के कार्यों को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, इसी क्रम में गरियाबंद जिला से विहिप बजरंग दल के जिला संयोजक की जिम्मेदारी मोहित साहू सेंदर को दिया गया है।

### आचार संहिता का असर, शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पुलिस होली त्यौहार और लोकसभा चुनाव के लिए लगे आचार संहिता के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने विभिन्न जगहों पर शराब कोचियों पर कार्रवाई करते हुए सात लोगों को पकड़ा है। महासमुन्द पुलिस ने गोपाल धीवर पिता स्व.सोनूराम (45) वार्ड नं. 27 गुडरूपारा की घर बाड़ी से 2520 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1120 रुपए एवं 1000 एमएल. महुआ शराब कीमत 200 रूपए को जब्त किया है। सांकरा पुलिस ने मनोहर प्रधान पिता स्व. सकीर्तन प्रधान (49) सागुनढाप की बाड़ी से 5000 एमएल महुआ शराब कीमत 1000 रुपए को बरामद किया। वहीं पटेवा पुलिस ने कुल्हरिया जाने का रास्ता ग्राम पचरी से संतराम रात्रे पिता चैतराम रात्रे (60) को 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए के साथ, बसना पुलिस ने सुशीला नाग पति योगेंद्र नाग (50) नरसिंगपुर को घर बाड़ी में रखे 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ, पिथौरा पुलिस ने प्रदीप मलिक पिता ननकुराम (23) के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ, बागबाहरा पुलिस ने टुकेश सोनवानी पिता अगस्ती (31) को एनएच 353 रोड दारगांव जाने का रास्ता पर से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को एवं तुमगांव पुलिस ने ग्राम अछोला से सतेंद्र धृतलहरे पिता दिलेश्वर (21) को 6660 एमएल अंग्रेजी शराब कीमत 4440 रुपए को मो.सा. कीमत 35 हजार रुपए में परिवहन करते समय जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों से बरामद अवैध शराब को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट एवं 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर पुलिस रिमांड पर जेल भेज कार्रवाई किया है।

# नियमित पढ़ाई व कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता : भागचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 4.0 माह मार्च के गतिविधिया भाषीय एवं गणितीय कौशल के विकास पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में 22 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी, इंद्राणी साहू, डुमेश्वरी साहू, लक्ष्मी यादव, चित्ररेखा यादव द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को विद्यालय प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी ने शिक्षा के क्षेत्र में विकास के पथ पर कैसे आगे बढ़ने का सारगर्भित सुझाव बच्चों को दिया गया। और कहा कि आप लोग नियमित सुबह शाम पढ़ाई करें अपने गुरुजनों, माता पिता के निर्देशों का पालन करें एवं नियमित पढ़ाई करें तो आपको सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। यदि आप लोगों को जीवन में आगे बढ़ना है तो 18 वर्ष के उम्र तक कठिन परिश्रम कर पढ़ाई करोगे तो निश्चित ही आप लोगों का जीवन बहुत ही सुखमय होगा। आप अभी से क्या बनना चाहते हो उसे केंद्रित कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने निरंतर मेहनत कर सफलता प्राप्त करो यही मेरा शुभकामना है।

**माताओं एवं बच्चों को खेलने लिए किया आमंत्रित :** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर टीकूराम ध्रुव द्वारा माह मार्च के गतिविधि भाषायी कौशल के विकास हेत रिंग फसाओ नाम बताओ के माध्यम से कक्षा पहली, दूसरी के बच्चों को खेल में जीते गए वस्तुओं के नाम को बताना और उसे लिख पाना, जिससे कि बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल एवं लेखन कौशल का विकास सहजता एवं सरलता के साथ हो सकें। इस गतिविधि में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं को एक सरल जगह पर जमा कर माता एवं बच्चों को खेलने लिए आमंत्रित किया। उपस्थित माता गीता साहू, डुमेश्वरी साहू द्वारा यह गतिविधि को करवाया गया। जिसमें बच्चों एवं माताओं को बहुत ही मजा आया साथ ही गणितीय कौशल के विकास हेतु गोटा संग गणित के गतिविधियों द्वारा बच्चों में 1 से 50 अंको तक जोड़ना एवं पहाड़े की अवधारणा को सरलता के साथ बच्चों को कैसे सिख सकते है उसे माताओं के द्वारा गोटा का खेल खेलवाकर विस्तार पूर्वक समझाया गया कि हम घर पर खाना बनाते समय बच्चों को अपने पास बैठा कर गणित एवं भाषा की शिक्षा को सहजता एवं सरलता के साथ कर सकते है।

### शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**5वीं कक्षा में अध्ययनरत 24 बच्चों का सम्मान :** गोटा खेल के गतिविधि को इंद्राणी साहू, झामिन साहू, रेखराम साहू द्वारा खेलकर बच्चों को जोड़ना एवं पहाड़े की संक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया। माताओं के उपस्थिति में कक्षा 5वीं की छात्रा हेमलता साहू का जन्मदिन मनाकर कलम पुष्प भेटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात तीसरी चौथी के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा पांचवीं के बच्चों का बिदाई सम्मान समारोह आयोजित कर पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत 24 बच्चों को कलम एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। पांचवीं कक्षा के बच्चों द्वारा विद्यालय को लड्डू गोपाल भगवान का मूर्ति सप्रेम भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में टीकूराम ध्रुव, प्रदीप साहू, रेखराम निषाद, लालजी सिन्हा, भागचंद चतुर्वेदी वेदलता गोस्वामी, इंद्राणी साहू, लक्ष्मी यादव, डुमेश्वरी साहू, चित्ररेखा यादव, हेमा साहू, टेकेश्वरी, झामिन, भूमिका, प्रमिला, ऐशुबाई, कलीन्द्री बाई, त्रिवेणी सेन, रामेश्वरी, रेखा साहू, गीता, नेमिन, पीली बाई, अनुसुइया, चम्पेश्वरी, त्रिवेणी ध्रुव, ईश्वरी, तमेश्वरी ध्रुव, गोदावरी, रेखाबाई, केंवरा, दुर्गेश्वरी, भावना, शेषकुमारी, रामकुमारी, रूखमणी साहू, रोहित ध्रुव, चुन्नी लाल, शत्रुहन साहू सहित सभी बच्चे उपस्थित रहे।

**सम्मेलन :** कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज और राजिम के पूर्व विधायक अमितेष शामिल हुए

# लोकसभा के लिए मौका मिला हैं पिछले रंजिशों को भूलकर अपने दिल के कालापन को निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





राजिम मुख्यालय में साहू छात्रावास में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू और राजिम के पूर्व विधायक अमितेष शुक्ल शामिल हुए। श्री शुक्ल ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में उनकी जो हार हुई है उसमें साफ-साफ रेखांकित करते हुए कहा कि राजिम विधानसभा के सरगी नाले के उस पार से लेकर पांडुका तक गड़बड़ी हुई हैं।

हमें लोकसभा के लिए मौका मिला हैं पिछले सभी रंजिशो को भुलकर अपने दिल के कालापन को निकाले। जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू का नाम लेते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि सभी को जिम्मेदारी दें। जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू का नाम लेते हुए कहा कि यह कितनी जनपद सदस्यो को संभालेगी ये भी तय करें। राजिम-फिंगेश्वर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू ने अपने भाषण के दौरान साफ-साफ कहा कि हमें पिछले विधानसभा चुनाव गद्दारों के कारण हारे हैं। ब्लाक अध्यक्ष श्री साहू ने दंभ भरते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में अकेले फिंगेश्वर ब्लाक से 20 हजार वोटो से लीड दिलाएंगे और यहां के विधायक को दिखाएंगे। मालूम हो कि अभी इसी हप्ते करीब 16 सौ कांग्रेस कार्यकर्ता फिंगेश्वर में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर भाजपा में शामिल हुए हैं। हालांकि ब्लाक कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू ने नाम किसी का नहीं लिया मगर अपना भड़ास निकालते हुए बड़ी बात कह गए। जो कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें से कई तो ऐसे थे जिन पर श्री शुक्ल काफी भरोसा और विश्वास रखते थे।

### राजनीतिक रिश्ता नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता बनाता हूं

कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से सेवा करने का अवसर पार्टी ने मुझे दिया है। आश्वस्त करता हूं कि मैं ऐसा कोई काम नहीं करूंगा जिससे आप लोगों को शर्मिंदा होना पड़े।

कहा कि मैं हमेशा राजनीतिक रिश्ता नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता बनाता हूं। कार्यक्रम में पूर्व प्रशासनिक महामंत्री सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष विकास तिवारी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, सुनील तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ,गिरीश रजानी, लालचंद मेघवानी, ताराचंद मेघवानी, रामगुलाल साहू, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदमा दुबे ,ब्लॉक अध्यक्ष मनीषा शर्मा, धनेश्वरी वर्मा, घनश्याम साहू, भीम साहू, हफीज खान, जाकिर खान, सुंदर साहू, ओमप्रकाश बंछोर,ठाकुर राम साहू, देवराम वर्मा, डॉक्टर जवाहरलाल वर्मा, अनिल चंद्राकर, बैसाखु साहू सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मनरेगा कर्मियों को मिला 2 माह का लंबित वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश में मनरेगा कर्मियों खासकर तकनीकी सहायकों को राज्य स्तर पर राशि के अभाव में विगत 2 माह से अधिक समय से वेतन नहीं मिला पा रहा था।

जिसे छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर जिले में लंबित वेतन व मानदेय के संबंध मे केंद्र से बात कर इस माह में आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया था। जिसे डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कर्मचारियों की लंबित वेतन की समस्या को संवेदनशील मुद्दा मानते हुए मंत्रालय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर बजट की मांग की एवं मनरेगा कर्मचारियों का वेतन/मानदेय जारी करने विभाग को निर्देशित किया।

जिसके तारतम्य में मनरेगा आयुक्त दीपक सोनी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों का लंबित वेतन होली के पूर्व जारी कर दिया है। त्योहार के पहले लंबित वेतन मिल जाने से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। महासंघ के प्रांताध्यक्ष अजय क्षत्री ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का त्वरित कार्यवाही एवं आयुक्त दीपक सोनी द्वारा होली पूर्व समस्या का निराकरण कर वेतन जारी करने हेतु होली महापर्व का शुभकामना संदेश देते हुवे आभार व्यक्त किया है। जिस पर उप मुख्यमंत्री के द्वारा जल्द ही मनरेगा कर्मियों हेतु पृथक मानव संसाधन नीति लागू करने का आश्वाशन दिया गया। उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम कुर्रे, उपाध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव सुनील मिश्रा, संजीव साहू, राजू ठाकुर, अनिल वर्मा, कुलदीप सिंह, छन्नु महिलांगे, सोहन कुमार सहित प्रांतीय दल व कबीरधाम जिले के बहुत से साथी उपस्थित रहे।

# रवेली स्कूल के बच्चों ने खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत प्राथमिक माध्यमिक जरगांव रवेली के बच्चों ने शनिवार को खूब होली खेली। होली रंगों का त्योहार है। स्कूलों में बच्चे अपने आपको रोक नहीं पाये और उतर आए मैदान पर और अबीर गुलाल से एक दूसरे को रंगकर बधाई प्रदान किये। शिक्षकों को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किए। शिक्षकों ने होली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील किये। बच्चे फाग गीत पर काफी देर तक थिरकते रहे। छोटी बच्चियां भी खूब झूम कर नाचने लगे। बच्चों के द्वारा भी फाग गीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों ने भी फाग गीत गा कर प्राचीन संस्कृति को उजागर किया।इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, कन्हैयालाल यादव प्रधानपाठक, विकास शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय व्याख्याता, अविनाश वर्मा, रामेश्वरी मांझी, रामबती ध्रुव,टामिन ध्रुव,मानकी ध्रुव,बीसो बाई, पदमनी ध्रुव आदि उपस्थित थे।



# कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने दक्षिण भारतीय वेशभूषा के साथ इस विदाई समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर बीपी भोल ने बच्चों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने एवं अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया तथा अकादमिक अधिष्ठाता डॉक्टर एन कुमार स्वामी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों एवं खेलो का आयोजन किया गया एवं उपहार दे कर विदाई दी। विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉक्टर पूनम वर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रस्तुत किया एवं सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापक, सहायक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# युवा भारत ने सशिमं में मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



पतंजलि युवा भारत जिला गरियाबंद के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर में शहीद शिरोमणि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनके 93 वें शहादत दिवस पर याद किया गया। युवा भारत जिला प्रभारी योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत के सपूतों की कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी। शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलवाई। इसलिए हम सदैव उन अमर शहीदों के ऋणी रहेंगे। योगाचार्य मिथलेश ने शहीद शिरोमणि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन तीनों को 24 मार्च को फांसी होनी थी लेकिन। देश के इन दीवानो की लोकप्रियता एवम डर के कारण अंग्रेजी प्रशासन 1 दिन पूर्व ही इन जाबांजो को नियम विरुद्ध शाम को फांसी पर लटका दिए।युवाओं के प्रेरणा हेतु आजादी के इन दीवानों ने हंसकर फांसी के फंदे पर झूल गए। फांसी के फंदे के जाते तक इन शहीदों ने मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाया और वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इस मौके पर आचार्य हरीश शर्मा, सेवक निषाद, होरीलाल साहू, सीताचरण नेताम, कविता यदु, टेकेश्वरी तारक अजय पांडेय, हेमलता नाग, एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहीद हेमू कालानी को दी श्रद्धांजलि



**नवापारा-राजिम।** वीर शहीद हेमू कालानी के जन्मदिवस शनिवार को स्थानीय सिंध समाज के द्वारा नलघर के पास हेमू कालानी चौक में उपस्थित होकर वीर शहीद हेमु कालानी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाज के प्रमुख अनिल जगवानी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि छोटी सी उम्र में देश की खातिर उन्होंने अपने जीवन की आहुति थी उनके देश प्रेम से परिपूर्ण जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, ठाकुरदास सायरानी, अशोक नागवानी, वीरू नागवानी, राजू साजवानी ,सुंदर पंजवानी, ज्ञानचंद लालवानी, संजय भाषाणी, गोविंदा राजपाल, डब्बू इसरानी, रमेश नत्थानी, डॉक्टर श्री चंद रावलानी, जितेंद्र नागवानी, ललित गोविंदानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।







